# 18

# SSC GD 2024

## DATE : 24-02-2024

## (SHIFT- 11:30 am to 12:30 pm)


### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति



**1.** निम्नलिखित में से कोन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?



31, 32, 36, ?, 61, 86

(1) 58 (2) 45
(3) 39 (4) 49

**2.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे दी गई आकृति श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है?



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में रिक्त स्थान पर आएगा?

IDG, ___, EZC, CXA, AVY, YTW

(1) GCF (2) GBF
(3) GBE (4) JBE

**4.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'FIELD' को '41' लिखा जाता है, और WONDER' को '84' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'SKILL' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) 70 (2) 63
(3) 65 (4) 68

**5.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BOTTLE' को 'CNUUMD' लिखा जाता है, 'GLASS' को 'HMZTT' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'MIRROR' को कैसे लिखा जाएगा?



(1) NHSSNS (2) NHSNSS
(3) NSHSNS (4) NHSSS

**6.** एक आदमी की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए, राखी ने कहा, 'वह मेरे बेटे की मां का भाई है'। उस आदमी का राखी से क्या संबंध है?

(1) भाई (2) पिता का भाई
(3) पिता (4) बेटा

**7.** नीचे दी गई विकल्प आकृतियों में से, उस आकृति का चयन कीजिए जिसमें प्रश्न आकृति छिपी/निहित है। (घूर्णन की अनुमति नहीं है)



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**8.** दिए गए शब्दों को उसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में आते हैं।

1. Light
2. Like
3. Lift
4. Life
5. Lignite

(1) 1, 3, 4, 5, 2
(2) 1, 4, 3, 2, 5
(3) 4, 3, 1, 5, 2
(4) 4, 3, 1, 2, 5



**9.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।



पेंगुइन : चूजा :: बत्तख : ?

(1) बिलोटा
(2) शावक
(3) कंगारू का बच्चा
(4) बत्तखशाव

**10.** दी गई विकल्प आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति के पैटर्न को पूरा करेगी? (घूर्णन की अनुमति नहीं है)




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**11.** छः लोग ऐलिस, बॉब, कैरोल, डेविड, एमिली ओर फ्रैंक एक वृत्ताकार मेज पर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। ऐलिस और एमिली के बीच में डेविड बैठा है। कैरोल, बॉब के ठीक दाईं ओर बैठी है। फ्रेंक और ऐलिस पड़ोसी नहीं हैं। केरल, फ्रेंक की निकटतम पड़ोसी है। एमिली के ठीक दाईं ओर कौन बैठा है?

(1) डेविड (2) बॉब (3) फ्रैंक (4) केरोल

**12.** पांच सहेलियां पूजा, भावना, चारु, गीता और हेमा एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठीं हैं। चारु, भावना की निकटतम पड़ोसी नहीं है। भावना, हेमा के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठी है। गीता, भावना और हेमा की निकटतम पड़ोसी है। चारु के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?

(1) पूजा (2) भावना (3) गीता (4) हेमा

**13.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षर-युग्म का चयन कीजिए।


JRVP : IQUO :: ?

(1) NDUR : ABOC
(2) QJBV : PIAU
(3) WWYR : URUO
(4) NOPX : ZWX

**14.** यदि 13 A 14 B 15 C 20 = 243 और 15 A 10 B 8 C 9 = 104, तो 45 A 10 B 18C 50 = ?

(1) 275 (2) 280 (3) 145 (4) 265

**15.** यदि एक दर्पण को रेखा AB पर रखा जाए, तो विकल्प आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिंब होगी?




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**16.** निम्नलिखित प्रश्न में, विकल्पों में दी गई उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है?




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**17.** नीचे एक श्रृंखला दी गई है जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो श्रृंखला को पूरा करेगा।
QV, TO, MR, PK, ?
(1) IR (2) IM
(3) IQ (4) IN

**18.** दिए गए विकल्पों में से किन दो चिह्नों को आपस में बदलने पर निम्नलिखित समीकरण सही होगा?
$26 + 2 \times 8 - 4 \div 1 = 14$
(1) = और ×
(2) = और –
(3) + और –
(4) – और ×

**19.** निम्नलिखित प्रश्न में, तीन कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो, निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।
कथन
I. सभी पर्दे, बिस्तर है।
II. कुछ बिस्तर, कुर्सियां है।
III. कुछ कुर्सियां, मेज नहीं है।
निष्कर्ष :
I. कुछ कुर्सियां, मेज हैं।
II. कुछ कुर्सियों के पर्दे होने की संभावना है।
(1) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(3) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(4) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**20.** दिए गए विकल्पों में से निम्नलिखित श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।
115, 94, 72, 49, 25, ?
(1) 0 (2) 1
(3) 8 (4) 7

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** जलीय प्राणियों को पानी के अंदर सांस लेने के लिए निम्नलिखित में से किसकी आवश्यकता होती है?
(1) घुलित ऑक्सीजन (2) घुलित $H_2S$
(3) घुलित $CO_2$ (4) घुलित नाइट्रोजन

**22.** नीति आयोग के नए सीईओ (CEO) के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
(1) पी.सी. सुधाकर
(2) परमेश्वरन अय्यर
(3) एम. के. तलवार
(4) बी.वी.आर. सुब्रमण्यम

**23.** परिवार नियोजन कार्यक्रमों का कार्यान्वयन निम्नलिखित में से किस भारतीय पंचवर्षीय योजना के प्रमुख लक्ष्यों में से एक था?
(1) चौथी पंचवर्षीय योजना
(2) पांचवी पंचवर्षीय योजना
(3) छठी पंचवर्षीय योजना
(4) सातवीं पंचवर्षीय योजना

**24.** _____ ने वर्चुअल माध्यम के द्वारा भारत की G20 अध्यक्षता के लोगो (Logo), विषय और वेबसाइट का अनावरण किया। (नवंबर 2022)
(1) राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू
(2) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
(3) वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण
(4) गृह मंत्री अमित शाह

**25.** 'जल्ली कट्टू (Jalli Kattu)' निम्नलिखित में से किस त्योहार की एक विशेषता है?
(1) ओणम (2) बिहु
(3) पोंगल (4) विशु

**26.** भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद का उल्लेख समानता के अधिकार के अंतर्गत किया गया है?
(1) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा
(2) शिक्षा का अधिकार
(3) धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने की स्वतंत्रता
(4) उपाधियों का उन्मूलन

**27.** तपन कुमार पटनायक ने निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जीता?
(1) सत्रीय (2) कुचिपुड़ी
(3) छउ (4) ओडिसी

**28.** भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीपीपी मॉडल पर _____ ई-बसों द्वारा सिटी बस संचालन को बढ़ाने के लिए एक बस योजना 'पीएम ई-बस सेवा' को मंजूरी दे दी है।
(1) 7000 (2) 11000
(3) 10000 (4) 5000

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में अर्द्ध-न्यायिक निकायों (Quasi-Judicial Bodies) का एक उदाहरण है?
(1) क्षेत्रीय परिषद
(2) अंतर-राज्य परिषद
(3) राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग
(4) सर्वोच्च न्यायालय

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश पश्चिम में भारत का पड़ोसी है, जो एक महत्वपूर्ण सीमा साझा करता है, और अक्सर भूराजनीतिक महत्व का विषय बना रहता है?
(1) नेपाल (2) श्रीलंका
(3) पाकिस्तान (4) भूटान

**31.** सिद्धार्थ सुचडे (Siddharth Suchde) निम्नलिखित में से कौन-सा खेल खेलते हैं?
(1) टेनिस (2) स्क्वाश
(3) फुटबॉल (4) बैडमिंटन

**32.** भारत में कौन-सा नियामक निकाय, नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोफाइनेंस संस्थानों (MFI) की देखरेख और पर्यवेक्षण करता है?
(1) भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI)
(2) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)
(3) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI)
(4) बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDA)

**33.** भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, _____ जनसंख्या के अनुपात में 0.2 PP (प्रतिशतता अंक) की गिरावट आई है।
(1) बौद्ध (2) हिंदू
(3) सिख (4) मुसलमान

**34.** एक खेल के दौरान एक मानक आइस हॉकी टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं (जब कोई ओवरटाइम या पेनल्टी न हो)?
(1) छः (2) पांच (3) सात (4) चार

**35.** बारदोली सत्याग्रह (Bardoli Satyagraha) निम्नलिखित में से किस वर्ष हुआ था?
(1) 1922 (2) 1926
(3) 1928 (4) 1924

**36.** भारत में शुंग वंश के संस्थापक कौन थे?
(1) कनवा (2) पुष्यमित्र
(3) देवभूति (4) वसुमित्र

**37.** लोक नृत्य खोरिया (ज्ञीवतपं) का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है?
(1) हरियाणा (2) महाराष्ट्र
(3) असम (4) पश्चिम बंगाल

**38.** निम्नलिखित में से किस खेल में 'ब्रेस्टस्ट्रोक (Breaststroke)' को एक तकनीक के रूप में पेश किया जाता है?
(1) तैराकी (2) शूटिंग
(3) घुड़सवारी (4) पूल

**39.** मोलिक कर्तव्यों के अंतर्गत भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत के महत्व और संरक्षण से संबंधित है?
(1) अनुच्छेद 51A(f)
(2) अनुच्छेद 51A(g)
(3) अनुच्छेद 51A(c)
(4) अनुच्छेद 51A(e)

**40.** खान मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोने के अयस्क (प्राथमिक) के सबसे बड़े संसाधन निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में स्थित है?
(1) राजस्थान (2) पश्चिम बंगाल
(3) कर्नाटक (4) बिहार

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** 9000 रुपए की धनराशि पर 2 वर्ष के लिए 32 प्रतिशत की वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) कितना होगा?
(1) 6790.7 रुपए (2) 6681.6 रुपए
(3) 6908.3 रुपए (4) 6400.4 रुपए

**42.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 4, 7 और 23 से विभाज्य है?
(1) 6457 (2) 6440
(3) 6245 (4) 6490

**43.** एक कूलर का क्रय मूल्य 6400 रुपए है। यदि लाभ प्रतिशत 24 प्रतिशत है, तो कूलर का विक्रय मूल्य कितना है?
(1) 8239 रुपए (2) 7256 रुपए
(3) 8456 रुपए (4) 7936 रुपए

**44.** यदि किसी वस्तु के अंकित मूल्य और विक्रय मूल्य का अनुपात 13:9 है, तो छूट प्रतिशत कितना है?
(1) 32.77 प्रतिशत (2) 28.76 प्रतिशत
(3) 30.77 प्रतिशत (4) 25 प्रतिशत

**45.** एक मुर्गी फार्म में 120 मुर्गियां है। फार्म में 140 अतिरिक्त मुर्गियां शामिल करने पर, मुर्गी फार्म का व्यय 4050 रुपए बढ़ जाता है जबकि प्रति मुर्गी औसत व्यय 3 रुपए कम हो जाता है। मुर्गी फार्म का मूल व्यय कितना था?
(1) 4540 रुपए (2) 4140 रुपए
(3) 4780 रुपए (4) 4350 रुपए

**46.** यदि A का A प्रतिशत 9604 है, तो A का मान क्या है?
(1) 1020 (2) 880
(3) 980 (4) 920

**47.** जब किसी संख्या में क्रमिक रूप से 10 प्रतिशत, 15 प्रतिशत तथा 56 प्रतिशत की कमी की जाती है, तो वह संख्या 20196 हो जाती है। वह संख्या क्या है?
(1) 80000 (2) 40000
(3) 60000 (4) 5000

**48.** उस समकोण त्रिभुज के क्षेत्रफल की गणना कीजिए, जिसका आधार 22 सेमी है और उस आधार के संगत ऊंचाई 15 सेमी है।
(1) 150 सेमी$^2$ (2) 165 सेमी$^2$
(3) 140 सेमी$^2$ (4) 180 सेमी$^2$

**49.** $520 \div 10 + 25 \times 7 - 62 \times 3$ का मान कितना है?
(1) 47 (2) 45
(3) 49 (4) 41

**50.** अभिषेक अपने लैपटॉप का मूल्य क्रय मूल्य से 80 प्रतिशत अधिक अंकित करता है। वह अपने ग्राहक को अंकित मूल्य पर 25 प्रतिशत की छूट देता है। लाभ प्रतिशत कितना है?
(1) 40 प्रतिशत (2) 55 प्रतिशत
(3) 35 प्रतिशत (4) 25 प्रतिशत

**51.** $3[4 + 2\{42 - 4(9 - 1)\}]$ का मान कितना है?
(1) 72 (2) 48
(3) 69 (4) 81

**52.** एक निश्चित धनराशि पर 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से 7 वर्ष और 8 वर्ष के लिए साधारण ब्याज का अंतर 57 रुपए है। वह धनराशि कितनी है?
(1) 610 रुपए (2) 550 रुपए
(3) 590 रुपए (4) 570 रुपए

**53.** $1100 \div 5 + 420 \div 2 + 550 \div 5$ का मान कितना है?
(1) 510 (2) 500
(3) 540 (4) 460

**54.** 17 संख्याओं का औसत 47 है। यदि प्रत्येक संख्या को 6 से गुणा किया जाए, तो नया औसत ज्ञात कीजिए।
(1) 282 (2) 270
(3) 280 (4) 265

**55.** एक मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 7:9 है। मिश्रण में कुछ दूध मिलाया जाता है जिसके कारण दूध और पानी का अनुपात 11:9 हो जाता है। प्रारंभिक मिश्रण के प्रतिशत के रूप में, मिश्रण में कितना दूध मिलाया गया?
(1) 10 प्रतिशत (2) 60 प्रतिशत
(3) 30 प्रतिशत (4) 25 प्रतिशत

**56.** A, B से चार गुना अच्छा कारीगर है और दोनों साथ मिलकर एक काम 84/15 दिनों में पूरा करते हैं। A अकेले वह काम कितने दिनों में पूरा कर सकता है?
(1) 9 दिन (2) 15 दिन
(3) 10 दिन (4) 7 दिन

**57.** यदि 25 श्रमिक एक दीवार को 10 दिनों में बना सकते हैं, तो 20 श्रमिकों को उसी दीवार को बनाने में कितने दिन लगेंगे?
(1) 25/2 दिन (2) 21/2 दिन
(3) 25/4 दिन (4) 23/3 दि

**58.** एक चोर 2:00 p.m. पर एक कार चुराता है और इसे 70 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से चलाता है। चोरी का पता 3:00 p.m. पर चलता है और कार मालिक 105 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से दूसरी कार में चोर का पीछा करने निकल पड़ता है। मालिक कितने बजे चोर को पकड़ लेगा?
(1) 5:00 p.m. (2) 3:30 p.m.
(3) 4:30 p.m. (4) 3:45 p.m.

**59.** एक बैग में काली गेंदों और सफेद गेंदों का अनुपात 7:4 है। यदि उस बैग में 44 सफेद गेंदें हैं, तो बैग में गेंदों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।
(1) 128 (2) 112 (3) 121 (4) 110

**60.** एक वस्तु को 4550 रुपए में बेचने पर अर्जित लाभ, उसी वस्तु को 3290 रुपए में बेचने पर हुई हानि का 5 गुना है। 20 प्रतिशत का लाभ अर्जित करने के लिए वस्तु का विक्रय मूल्य कितना होगा?
(1) 4500 रुपए (2) 4000 रुपए
(3) 3900 रुपए (4) 4200 रुपए

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.** Select the sentence with no spelling errors.
(1) Police who did not understand the urthodox methods of the Black Hood suspected him of numerous crimes.
(2) Police who did not understand the orthodox methuds of the Black Hood suspected him of numerous crimes.
(3) Police who did not understand the orthodox methods of the Black Hood suspected him of numeruos crimes.
(4) Police who did not understand the orthodox

methods of the Black Hood suspected him of numerous crimes.

**62.** Select the most appropriate antonym of the given word.
Prospect
(1) Contemplation
(2) Forecast
(3) Calculations
(4) Impossibility

**63.** Select the most appropriate word to fill in the blank.
Out of all, this is the ____ school in the city.
(1) famous
(2) more famous
(3) most famous
(4) famousest

**64.** Select the incorrectly spelt word from the given sentence.
She found fault in every sentence of the exercise sheet that I asimilated from prior observations.
(1) prior
(2) exercise
(3) asimilated
(4) fault

**65.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
There was no one in the cinema hall beside Sham and Rohan.
(1) in the cinema hall
(2) There was no one
(3) beside Sham and Rohan.
(4) No error

**66.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose "No error".
Pandemic is the highest level of global health emergency and had signifies widespread outbreaks affecting multiple regions of the world.
(1) Pandemic is the highest level of global
(2) health emergency and had signifies widespread
(3) No error
(4) outbreaks affecting multiple regions of the world.

**67.** Fill in the blank with the most appropriate option.
On the _____ in the train he talked to his neighbours about politics and the new railways
(1) tourism (2) entourage
(3) journey (4) itinerary

**68.** Select the most appropriate antonym of the given word.
Characteristic
(1) Distinctive (2) Inbred
(3) Usual (4) Affordable

**69.** Choose the idiom/phrase that can substitute the highlighted group of words meaningfully
**He studied till late at night** before his exam and it has paid off.
(1) Lose your marbles
(2) Run out of steam
(3) See eye to eye
(4) Burn the midnight oil

**70.** Choose the most appropriate synonym of the underlined word.
To me, this was both a perfect **articulation** of the problem and the suggestion of a solution.
(1) Park
(2) Mispronounce
(3) Damp
(4) Enunciation

**71.** Select the most appropriate word to fill in the blank.
The explosion ____ a huge crater.
(1) have left (2) leave
(3) will leaves (4) left

**72.** Identify the segment that contains a grammatical error. If there is no error, select 'No error.
Suddenly he plumped himself/ right into the arms of a tallest, ungainly man,/ who had crossed from the other side.
(1) who had crossed from the other side.
(2) Suddenly he plumed himself
(3) No error
(4) right into the arms of a tallest, ungainly man.

**73.** In the following question, out of the given four alternatives, select the alternative which best expresses the meaning of the Idiom Phrase.
To huff and puff
(1) To speak ill of
(2) To get into trouble
(3) To breathe heavily or rapidly because one is exhausted
(4) To be perplexed

**74.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement as an answer if the sentence is grammatically correct.
Walking through the dew, he wet his sneakers.
(1) No improvement
(2) across the dewy
(3) through the dewy
(4) from the dew

**75.** Select the most appropriate antonym of the given word.
Procure
(1) Consume (2) Multiply
(3) Hinder (4) Abstain

**Direction (Q.Nos. 76-80) :** Read the passage carefully and select the correct answer for the given blanks out of the four alternatives.

While you are at Chilika, (1) ____ a moment to yourself and admire the beauty of this fabled lake. Indulge in a leisurely boat ride to visit the many (2) ____ that the vast expanse of the lake encompasses- the beacon island, bird island to (3) ____ a few and of course watch the migratory birds and the critically (4) ____ Irrawaddy Dolphins frolic in the prey laden brackish waters. Go heritage hunting in the nearby quaint townships- Chilika never (5) ____ to amaze.

**76.** Select the most appropriate option for blank (1)
(1) carry (2) take
(3) make (4) sleep

**77.** Select the most appropriate option for blank (2)
(1) marks (2) periods
(3) spots (4) sections

**78.** Select the most appropriate option for blank (3)
(1) name (2) word
(3) call (4) announce

**79.** Select the most appropriate option for blank (4)
(1) screened

(2) endangered
(3) ventured
(4) sheltered

**80.** Select the most appropriate option for blank (5)
(1) extenuates
(2) actuates
(3) layoffs
(4) ceases

## PART (D) : हिन्दी

**61.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
वायु प्रदूषण से काफी हानि हो रही है।
(1) लाभ (2) फायदा
(3) जीतना (4) नुकसान

**62.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प है।
किसी ने सही ही कहा है कि (एकता) _____ में शक्ति होती है।
(1) अनुग्रह (2) ठसक
(3) सुमति (4) अनुरूप

**63.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
वह देश में है।
(1) ग्रामीण (2) स्वदेश
(3) शहर (4) विदेश

**64.** दिए गए वाक्य में रेखांकित भाग के लिए उचित सार्थक शब्द का चयन कीजिए।
रावेस होते ही सब उठ गए।
(1) सवेरा (2) रेसब
(3) बसेरा (4) बेसब्र

**65.** दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
प्रकृति का सौर्दय देखते ही बनता है।
(1) देखते (2) प्रकृति
(3) सौर्दय (4) बनता

**66.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।
समाचार पत्र विभिन्न प्रकरणों पर जनमत तैयार करने के लिए एक शक्ति यंत्र है।
(1) समाचार पत्र विभिन्न
(2) प्रकरणों पर जनमत तैयार
(3) शक्ति यंत्र है।
(4) करने के लिए एक

**67.** दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।
(1) इस गाँव से घर-घर यही दशा है।
(2) इस गाँव के घर-घर यही दशा है।
(3) इस गाँव को घर-घर यही दशा है।
(4) इस गाँव के घर-घर में यही दशा है।

**68.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
चिपके रहना
(1) प्रिय संतान
(2) मजबूती से चिपकना
(3) साथ-साथ रहना
(4) बीमारी का कार

**69.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
कलेजे पर पत्थर रखना
(1) धैर्य धारण करना
(2) बड़ा बदला लेना
(3) बुद्धि भ्रष्ट होना
(4) अत्यंत भयभीत होना

**70.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।
जितना गुड़ डालोगे, वैसा मीठा होगा।
(1) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(2) जितना गुड़ डालोगे, उतना मीठी होगा।
(3) जितना गुड़ डालोगे, वैसी मीठी होगा।
(4) जितना गुड़ डालोगे, उतना मीठा होगा।

**71.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
हिंदी हमारी मात्रभाषा है।
(1) मातृभाषा (2) मात्रभाषा
(3) मातरिभाषा (4) मातरभाषा

**72.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
पता नहीं कहाँ से एक (तिनका) _____ है। आकर आँख में चला गया जो अब दर्द दे रहा
(1) तैल (2) तृण
(3) रबारि (4) त्वरित

**73.** दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
द्रुपद की पुत्री
(1) द्रौपदी (2) द्रोपदी
(3) द्रुपद (4) निशाचारी

**74.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार बिकल्पों में से, उस बिकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
जब समाचार-पत्रों में _____ के लिए कोई सूचना प्रकाशित की जाती है तो उसको विज्ञापन कहते हैं।
(1) सर्वसाधारण
(2) कुछ
(3) बच्चों
(4) विशिष्ट व्यक्तित्व

**75.** दिए गए वाक्य में उचित पर्यायवाची शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें। देवप्रयाग में दो नदियों का (मेल) होता है।
(1) अवधि
(2) मन्द
(3) संगम
(4) उचित

**निर्देश (प्र.सं. 76-80) :** नीचे दिए गये गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिये गए हैं, प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चार विकल्पों में से सर्वोत्तम उत्तर वाला विकल्प चुनें।

आलस्य एक ऐसा भाव है जो मनुष्य को कार्य करने की _____ नहीं देता अर्थात मनुष्य कोई भी काम नहीं करना चाहता। उसे कोई भी कार्य करना अच्छा नहीं लगता सिवाय आराम फरमाने के। आलस्य मनुष्य को _____ मार्ग पर ले जाता है। आलसी मनुष्य को अपने कुर्सी से उठने में भी कठिनाई होती है। उसे लगता है कि उसका काम कोई दूसरा व्यक्ति कर दे तो उसकी नींद पूरी हो जाए। अब बताइये आलसी मनुष्य अपना _____ खुद ही बन जाता है। उसे परिश्रम का महत्व समझ नहीं आता। मनुष्य में कई तरह के दोष हैं जैसे, लालच, क्रोध, हिंसा, जलन आदि लेकिन सबसे भयानक आलस का रोग है। आलस्य मनुष्य को असफलता की राह पर ले जाता है। असफलता, अवनति और विनाश आलसी मनुष्य के _____ हैं। शेर भी जंगल में शिकार करके अपनी भूख मिटाता है। शेर जंगल का राजा होता है लेकिन वह भी परिश्रम करके जानवर का शिकार करता है। कहने का तात्पर्य है बिना कोई काम किये किसी को जीवन में _____ प्राप्ति नहीं होती।

**76.** आलस्य एक ऐसा भाव है जो मनुष्य को कार्य करने की _____ नहीं देता।
(1) अनुभव
(2) इजाजत
(3) समय
(4) जरूरत

**77.** आलस्य मनुष्य को _____ मार्ग पर ले जाता है।
(1) दुर्गम

(2) सुगम
(3) अच्छे
(4) मनचाहे

**78.** अब बताइये आलसी मनुष्य अपना ____ खुद ही बन जाता है।
(1) पसंदीदा
(2) दोस्त
(3) प्यारा
(4) दुश्मन

**79.** असफलता, अवनति और विनाश आलसी मनुष्य के ____ हैं।
(1) परिणाम
(2) महान
(3) प्रणाम
(4) अपने

**80.** कहने का तात्पर्य है बिना कोई काम किये किसी को जीवन में ____ प्राप्ति नहीं होती।
(1) लक्ष्य
(4) कठिनाई

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (1) | 3. (3) | 4. (4) | 5. (1) | 6. (1) | 7. (4) | 8. (3) | 9. (4) | 10. (3) |
| 11. (1) | 12. (4) | 13. (2) | 14. (2) | 15. (2) | 16. (1) | 17. (4) | 18. (3) | 19. (2) | 20. (1) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (1) | 22. (4) | 23. (1) | 24. (2) | 25. (2) | 26. (4) | 27. (3) | 28. (3) | 29. (3) | 30. (3) |
| 31. (2) | 32. (2) | 33. (3) | 34. (1) | 35. (3) | 36. (2) | 37. (1) | 38. (1) | 39. (1) | 40. (4) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (2) | 42. (2) | 43. (4) | 44. (3) | 45. (2) | 46. (3) | 47. (3) | 48. (2) | 49. (4) | 50. (3) |
| 51. (1) | 52. (4) | 53. (3) | 54. (1) | 55. (4) | 56. (4) | 57. (1) | 58. (1) | 59. (3) | 60. (4) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (4) | 62. (4) | 63. (3) | 64. (3) | 65. (4) | 66. (2) | 67. (3) | 68. (3) | 69. (4) | 70. (4) |
| 71. (4) | 72. (4) | 73. (3) | 74. (1) | 75. (3) | 76. (2) | 77. (3) | 78. (1) | 79. (2) | 80. (4) |

### PART (D) : हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (1) | 62. (3) | 63. (4) | 64. (1) | 65. (3) | 66. (3) | 67. (4) | 68. (3) | 69. (1) | 70. (4) |
| 71. (1) | 72. (2) | 73. (1) | 74. (1) | 75. (3) | 76. (2) | 77. (1) | 78. (4) | 79. (1) | 80. (1) |

## उत्तर सहित व्याख्या

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1. (2)** 31, 32, 36, **45**, 61, 86

1 4 9 16 25

$1^2$ $2^2$ $3^2$ $4^2$ $5^2$

**2. (1)**

**3. (3)**

I D G
−2↓ −2↓ −2↓
**G B E**
−2↓ −2↓ −2↓
E Z C
−2↓ −2↓ −2↓
C X A
−2↓ −2↓ −2↓
A V Y
−2↓ −2↓ −2↓
Y T W

**4. (4)** FIELD — (6 + 9 + 5 + 12 + 4)+ 5 = 84

WONDER — (23 + 15 + 14 + 4 + 5 + 18) + 5 = 84

इसी प्रकार

SKILL — (19 + 11 + 9 + 12 + 12) + 5 = 68

**5. (1)**


B O T T L E
+1↓ −1↓ +1↓ +1↓ +1↓ −1↓
C N U U M D

G L A S S
+1↓ +1↓ −1↓ +1↓ +1↓
H M Z T T

इसी प्रकार

M I R R O R
+1↓ −1↓ +1↓ +1↓ −1↓ +1↓
N H S S N S

**6. (1)**





**7. (4)**

**8. (3)**

**9. (4)**


**10. (3)**

**11. (1)**




एमिली के ठीक दाईं ओर डेविड बैठा है।

**12. (4)**




चारु के ठीक बाईं ओर हेमा बैठी है।

**13. (2)**

J R V P
−1↓ −1↓ −1↓ −1↓
I Q U O

इसी प्रकार

Q J B V
−1↓ −1↓ −1↓ −1↓
P I A U

**14. (2)** $\left.\begin{array}{l}A = +\\B = \times\\C = +\end{array}\right\}$ लेने पर

13 A 14 B 15 C 20 = 243
13 + 14 × 15 + 20 = 243
13 + 210 + 20 = 243
243 = 243

---

15 A 10 B 8 C 9 = 104
15 + 10 × 8 + 9 = 104
15 + 80 + 9 = 104
104 = 104

---

45 A 10 B 18 C 50 = 275
45 + 10 × 18 + 50 = 275
45 + 180 + 50 = 275
275 = 275


**15. (2)**

**16. (1)**

**17. (4)** Q V, T O, M R, P K, **I N**
+5 –5 +5 –5 +5

**18. (3)** विकल्प की सहायता से
26 + 2 × 8 – 4 ÷ 1 = 14
+ और – को आपस में बदलने पर
26 – 2 × 8 + 4 ÷ 1 = 14
26 – 16 + 4 = 14
14 = 14

**19. (2)**




**20. (1)** 115, 94, 72, 49, 25, **0**
–21 –22 –23 –24 –25

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21. (1)** जलीय प्राणियों को पानी के अन्दर सांस लेने के लिए घुले हुए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। किन्तु प्रकृति में विभिन्न जीवों के विभिन्न शारीरिक संरचनाएँ हैं। जिनसे वे श्वसन क्रिया करते हैं। जैसे, मछलियाँ, गिल्स से, एम्फिबियन, त्वचा एवं फेफड़े से तथा जल के कीड़े ट्रेकियल सिस्टम या गिल्स का उपयोग करते है।

**22. (4)** सीईओ नीति आयोग–
1. सिन्धु श्री खुल्लर - 2015- 2016
2. अमिताभ कान्त - 2016-2022
3. परमेश्वरन ऐय्यर - 2022-2023
4. बी.वी.सुब्रमन्यम - 2023 से अभी तक

**23. (1)** फैमिली प्लानिंग प्रोग्राम की शुरुआत 1952 में किया गया था। इसका प्रमुख उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण के साथ शारीरिक जागरूकता को बढ़ाना था। किन्तु यह योजना चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान विशेष रूप से ध्यानाकर्षित की गई।

**24. (2)** जल्ली कट्टू तमिलनाडु में मनाया जाने वाला एक पर्व है; जिसमें सांड के साथ एक प्रकार का खेल खेला जाता है। यह खेल पोंगल पर्व के दौरान आयोजित किया जाता है।

**25. (2)**

**26. (4)** उपाधियों का अन्त भारतीय संविधान के अनुच्छेद 18 में दिया गया है। आजादी से पूर्व लोगों को विशेष उपाधियों से नवाजा जाता था। किन्तु अब यह मान्य नहीं है।

**27. (3)**

**28. (3)** पीएम-ई बस सेवा योजना- इसकी शुरूआत 16 अगस्त 2023 को किया गया था। इसका उद्देश्य 10,000 इलेक्ट्रिक बसों को सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के माध्यम से तैनात करके शहर बस संचालन को बढ़ावा देना है। इसका प्रमुख उद्देश्य शहरी परिवहन दक्षता को बढ़ाना और पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है।

**29. (3)** राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग– एक अर्ध न्यायिक संस्था है। जिसे 1986 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत स्थापित किया गया है। इसका मुख्य कार्य राज्य स्तर पर उपभोक्ता विवादों और शिकायतों का निवारण करना है। भारत के प्रत्येक राज्य में ऐसे आयोग स्थापित किये जाते है।

**30. (3)**

**31. (2)** सिद्धार्थ सुचेड एक पेशेवर स्क्वैश खिलाड़ी हैं। इनका जन्म 20 जनवरी 1985 को मुम्बई में हुआ था। इन्होने हार्वर्ड विश्वविद्यालय से इकोनामिक्स विषये में डिग्री प्राप्त की।

**32. (2)** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग- यह निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है प्रतिस्पर्धा विरोधी व्यवहारों की जांच करता है, और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा करता है। यह 2002 के प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत स्थापित किया गया था।
भारतीय रिजर्व बैंक भारत का एक केन्द्रिय बैंक है, जो मुद्रा को विनियमित करता है, मौद्रिक नीति का प्रबंधन करता है, मौद्रिक स्थिरता सुनिश्चित करता है।
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड- यह संस्था निवेशकों की सुरक्षा और बाजार में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है।
बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण- यह भारतीय बीमा क्षेत्र नियामक संस्था है। यह बीमा क्षेत्र को नियंत्रित एवं संचालित करने में सहायता करता है।

**33. (3)**

**34. (1)**

**35. (3)** बारदोली सत्याग्रह 1928 में गुजरात के बारदोली नामक स्थान पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में किया गया। इसका उद्देश्य किसानों पर लगाये गये कर को कम करवाना था।

**36. (2)** वासुदेव - कण्व वंश
पुष्यभूति - वर्धन वंश
देवभूति - अन्तिम शुंग शासक
वसुमित्र - चौथा शुंग शासक

**37. (1)**

| **लोकनृत्य** | - | **राज्य** |
|---|---|---|
| खोरिया | - | हरियाणा |
| लावण्या | - | महाराष्ट्र |
| असम | - | बिहु |
| पश्चिम बंगाल | - | छऊ |

**38. (1)**

**39. (1)**

**40. (4)**

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41. (2)** 32% —— 8/25

मूलधन : मिश्रधन

अनुपात — 25 : 33
25 : 33

---

625 : 1089
ब्याज — 464

625 units —— 9000
1 unit —— 14.4
464 —— 14. 4 × 464 = 6681.6

**42. (2)** विकल्प की सहायता से

**43. (4)** विक्रय मूल्य = $6400 \times \frac{124}{100}$

= 7936

**44. (3)** अनुपात — अंकित : विक्रय मूल्य
13 : 9
छूट — 4

प्रश्नानुसार

$\frac{4}{13} \times 100 = 30.76$

**45. (2)** 140 —— 4050

योग = औसत × संख्या

∴ योग = 120 × $x$

प्रश्नानुसार,

$\frac{120x + 4050}{260} = x - 3$

$120x + 4050 = 260x - 780$

$140x = 4830$

$x = 34.5$

∴ योग = 34.5 × 120 = 4140

**46. (3)** प्रश्नानुसार

$A \times \frac{A}{100} = 9604$

$A^2 = 960400$

A = 980

**47. (3)** माना संख्या = $x$

$x \times \frac{90}{100} \times \frac{85}{100} \times \frac{48}{100}$

= 20196

$x = 60000$

**48. (2)** त्रिभुज का क्षेत्रफल =

$\frac{1}{2} \times$ आधार × ऊंचाई

$= \frac{1}{2} \times 22 \times 15$

= 165 सेमी.$^2$

**49. (4)** 520 ÷ 10 + 25 × 7 – 62 × 3

52 + 175 – 186 = 41

**50. (3)** माना अभिषेक का क्रय मूल्य = 100

अंकित मूल्य = 180

25% छूट के बाद = $180 \times \frac{75}{100}$

= 135

लाभ प्रतिशत = 35%

**51. (1)** 3 [4 + 2 {42 – 4 (9 – 1)}]

⇒ 3 [4 + 2 {42 – 4 × 8}]

⇒ 3 [4 + 2 × 10]

⇒ 3 × 24 = 72

**52. (4)** माना धनराशि = P

$\frac{8 \times P \times 10}{100} - \frac{7 \times P \times 10}{100}$

= 57

$\frac{P}{10} = 57$

P = 570

**53. (3)** 1100 ÷ 5 + 420 ÷ 2 + 550 ÷ 5

⇒ 220 + 210 + 110 = 540

**54. (1)**

**Note :- ऐसे प्रश्नों में जिस भी संख्या से गुणा, भाग, घटाना और जोड़ने की बात करें तो उस संख्या से औसत से गुणा, भाग, घटाना और जोड़ देते हैं।**

नया औसत = 47 × 6 = 282

**55. (4)** प्रश्नानुसार,

$I \times \frac{9}{16} = F \times \frac{9}{20}$

$\Rightarrow \frac{I}{F} = \frac{16}{20} = \frac{4}{5})1$

∴ प्रतिशत = $\frac{1}{4} \times 100 = 25\%$

**56. (4)** क्षमता — A : B
4 : 1

कुल कार्य = $5 \times \frac{84}{15} = 28$

A द्वारा लिया गया समय = $\frac{28}{4}$

= 7 दिन

**57. (1)** प्रश्नानुसार

25 × 10 = 20 × $x$

$x = \frac{25}{2}$

**58. (1)** प्रश्नानुसार

चोर द्वारा 1 घंटे में चली गई दूरी = 1×70 = 70

∴ चोर को पकड़ने में समय =

$\frac{70}{105 - 70} = \frac{70}{35} = 2$ घंटे

∴ 3:00 pm + 2 घंटे = 5:00pm

**59. (3)** प्रश्नानुसार,

काली गेंद : सफेद गेंद

काली गेंद : सफेद गेंद
अनुपात — 7 : 4
×11↓ ↓×11
77 44

कुल गेंद = 77 + 44 = 121

**60. (4)** प्रश्नानुसार,

P = 5L

⇒ SP – CP = 5 (CP – SP)

4550 – CP = 5 (–3290 + CP)

⇒ CP = 3500

100% —— 3500

120% —— $\frac{3500}{100} \times 120$

= 4200

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.(4) Police who did not understand the orthodox methods of the Black Hood suspected him of numerous crimes.**

Correct spellings are: *orthodox* (परंपरागत), *methods* (तरीके), *numerous* (अनेक)

**62.(4) prospect** refers to the likelihood or expectation of a future event or opportunity (संभावना), while **Impossibility**: is the state or fact of something that cannot happen (असंभवता).

**Contemplation**: careful consideration or thought (विचार).

**Forecast**: prediction about future events (भविष्यवाणी).

**Calculations**: process of determining something mathematically (गणना).

**63. (3)** **most famous** (सबसे प्रसिद्ध): superlative form indicating the highest level of fame among a group, is used to compare one entity against all others, as in "Out of all the schools, this is the most famous." It clearly indicates that this school stands out as the best-known school in the entire city.

**64. (3)** The correct spelling is **assimilated**, refer to the process of absorbing or integrating information (अवशोषित किया)

**prior**: earlier or previous (पूर्व).

**exercise**: a task or activity for practice (व्यायाम).

**fault**: an imperfection or flaw (गलती).

**65. (4)** "beside" (साथ) is incorrect; it should be "besides" (अतिरिक्त) to indicate that Sham and Rohan are included in the count of people present.

**66. (2)** The error is the use of the present perfect tense "had signifies" instead of the simple present tense "signifies." The sentence is describing a current situation, so the simple present tense is appropriate.

The correct sentence should be:

**Pandemic is the highest level of global health emergency and has signified widespread outbreaks affecting multiple regions of the world.**

**67. (3)** **journey** (यात्रा) refers to the act of traveling from one place to another, talking to neighbors while traveling on the train.

**Tourism** (पर्यटन): The business of providing services to tourists.

**Entourage** (समवर्ग): A group of attendants or associates accompanying a person.

**Itinerary** (यात्रा कार्यक्रम): A detailed plan for a journey, including the places to be visited.

**68. (3)** "Characteristic" (विशेषता) refers to a distinguishing quality or trait, while "Usual" (सामान्य) means something that is common or typical, making it the appropriate antonym.

**Distinctive** (विशिष्ट) : Having a quality or characteristic that makes something different from others.

**Inbred** (वंशानुगत) : Referring to a trait that is derived from a limited gene pool or ancestry.

**Affordable** (सस्ती) : Something that is reasonably priced or easy to buy.

**69. (4)** **Burn the midnight oil**: means to work or study very late into the night.

**Lose your marbles:** means to become crazy or insane.

**Run out of steam:** means to become tired or exhausted.

**See eye to eye:** means to agree completely.

**70. (4)** Articulation" (व्यक्तित्व) refers to the clear and precise expression of ideas, smililarly "Enunciation" (उच्चारण) means the act of pronouncing words clearly.

**Park** (पार्क) : A public area of land for recreation and enjoyment.

**Mispronounce** (गलत उच्चारण करना) : To pronounce a word incorrectly.

**Damp** (गीला) : Slightly wet or moist.

**71. (4)** **Left**

The sentence requires the past tense of the verb "leave" to indicate that the explosion has already occurred and resulted in the formation of a huge crater (छिद्र).

**leave** (छोड़ना)

**will leaves** (छोड़ेंगे)

**72. (4)** Use "the tallest, ungainly man" instead of "a tallest" (एक सबसे लंबे आदमी) because "tallest" is a superlative adjective that requires the definite article "the" to specify one particular man.

**73. (3)** **To breathe heavily or rapidly because one is exhausted**

"To huff and puff" (हाफना और puff करना) means to breathe heavily or make heavy

breathing sounds, typically after physical exertion or fatigue.

**To speak ill of** (बुरा कहना) : To talk negatively about someone or something.

**To get into trouble** (मुसीबत में पड़ना) : To encounter difficulties or problems.

**To be perplexed** (परेशान होना): To be confused or bewildered.

**74. (1)** **No improvement**
"Through the dew" means moving or walking across an area covered with dew, which is the moisture that condenses on surfaces during the night or early morning and the use of "through" indicates movement from one side or end of something to the other side or end.

**75. (3)** "Procure" (प्राप्त करना) means to obtain or acquire something, while "Hinder" (रोकना) means to obstruct or prevent something from happening

**Consume** (उपयोग करना) : To use up a resource or to eat/ drink.

**Multiply** (गुणा करना) : To increase in number or quantity.

**Abstain** (परहेज करना) : To refrain from doing something, usually from indulging in a particular activity.

**76. (2)** take (लेना)
"Take a moment" is a common phrase meaning to pause or reflect (विचार करना) and admire the beauty around you.

carry (ले जाना) - to transport something.

make (बनाना) - to create or form.

sleep (सोना) - to rest or be in a state of sleep.

**77. (3)** spots (स्थान)
"Many spots" refers to specific locations (विशिष्ट स्थान) where you can explore islands.

marks (चिहन) - indicators or symbols.

periods (अवधियां) - lengths of time.

sections (खंड) - distinct parts of something.

**78. (1)** name (नाम)
"To name a few" is an idiomatic expression used to provide examples (उदाहरण देने के लिए).

word (शब्द) - a single unit of language.

call (बुलाना) - to summon or invite.

announce (घोषित करना) - to make known publicly.

**79. (2)** endangered (खतरे में)
Explanation: risk of extinction.

screened (स्क्रीन किया हुआ) - to filter or examine.

ventured (जोखिम लेना) - to dare or take risks.

sheltered (आश्रय दिया हुआ) - to provide protection.

**80. (4)** ceases (रोकना)
"Never ceases to amaze" means that something continues to be impressive (प्रभावित करना).

extenuates (कमजोर करना) - to lessen the seriousness of something.

actuates (सक्रिय करना) - to put into action.

layoffs (छंटनी) - termination of employees.

## PART (D) : हिन्दी

**61. (1)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| हानि | – | लाभ |
| फायादा | – | नुकसान |
| जीतना | – | हारना |

**62. (3)** 'एकता' के पर्यायवाची शब्द– सुमति, मेल, मिलाप, समन्वय, मेलजोल, समानता, संश्रय, संघ, सामंजस्य, सद्भाव, इत्यादि है।

**63. (4)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| देश | – | विदेश |
| ग्रामीण | – | शहरी |
| स्वदेश | – | परदेश,विदेश |
| शहर | – | गांव |

**64. (1)**

**65. (3)** 'सौंदय' शब्द में त्रुटि है। सही वर्तनी सौंदर्य होगा।

**66. (3)** समाचार पत्र, शक्ति यंत्र नही होता है। इसे 'शक्ति पत्र' कहेंगे तब वाक्य सही होगा।

**67. (4)** विकल्प (4) में कोई त्रुटि नही है।

**68. (3)** 'चिपके रहना' मुहावरे का अर्थ है, साथ-साथ रहना।
वाक्य प्रयोग- राम और लक्ष्मण हमेशा चिपके रहते थे।

**69. (1)** 'कलेजे पर पत्थर रखना' मुहावरे का अर्थ है- धैर्य धारण करना या घोर दुख या शोक देखकर उसे, कड़ा दिल करके सहन करना।

**70. (4)** पहले वाक्य के अनुसार दूसरा वाक्य भी रहेगा। यानी, जितना गुड़ डालोगे उतना ही मीठा होगा।

**71. (1)** 'हिन्दी' हमारी मातृ-भाषा है।

**72. (2)** 'तिनका' तद्भव शब्द है जिसका तत्सम 'तृण' है।

**73. (1)** द्रुपद की पुत्री द्रौपदी थी।

**74. (1)** विकल्प (1) इस वाक्य को सार्थक बनायेगा।

**75. (3)** 'संगम' के पर्यायवाची शब्द– मेल, मिलाप, संयोग, साथ, संबंध इत्यादि हैं।